भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1455
बुधवार, 12 मार्च, 2025 (21 फाल्गुन, 1946 (शक)) को उत्तरार्थ

राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड

1455# श्री बाबू राम निषादः
श्री शंभू शरण पटेलः

क्या **सहकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड (एनसीओएल) द्वारा प्रामाणिक जैविक उत्पादों की आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित की जाएगी; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सहकारिता मंत्री
(श्री अमित शाह)

(क) से (ख): सहकारिता मंत्रालय द्वारा केंद्रीय मंत्रिमंडल के अनुमोदन से जैविक आपूर्ति श्रृंखला को सशक्त करने में केंद्रीय भूमिका निभाने के लिए राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड (NCOL) की स्थापना की गई है। राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड (NCOL) ने जैविक उत्पादों का एकत्रण, प्रापण, परीक्षण, प्रमाणन, प्रसंस्करण, भंडारण और 'भारत ऑर्गेनिक्स' के ब्रांड नाम से उनका विपणन करने का कार्य आरंभ कर दिया है। जैविक उत्पादों की प्रामाणिकता सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड (NCOL) प्रमाणित जैविक किसानों और सहकारी समितियों के साथ कार्य करते हुए राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम (NPOP)/PGS जैविक मानकों का भी अनुपालन कर रहा है । यह उत्पाद गुणवत्ता और अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु 100% बैच परीक्षण और ट्रेसेबिलिटी प्रणाली कार्यान्वित कर रहा है ताकि उपभोक्ता तक केवल प्रामाणिक जैविक उत्पाद ही पहुंचे । उपर्युक्त को सुनिश्चित कर राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड (NCOL) जैविक उत्पादकों से लेकर ग्राहकों तक 'भारत ऑर्गेनिक्स' की एक सशक्त आपूर्ति श्रृंखला का सृजन कर रहा है जिसमें उत्पादकों को अपनी उपज का लाभकारी मूल्य और ग्राहकों को प्रामाणिक जैविक उत्पाद प्राप्त होता है ।

*****